# अशोक नगर



नवभारत
भोपाल, शनिवार, 20 दिसंबर, 2025

# नर्सिंग स्टॉफ ने सीएमएचओ और सिविल सर्जन पर लगाए छुट्टी के बदले पैसे मांगने के आरोप,कलेक्ट्रेट में हुई बहस

## कलेक्ट्रेट में बोली नर्स चिकनपॉक्स के चलते मांगी छुट्टी, तो सिविल सर्जन ने कहा एप्रेन उतारकर दिखाओ

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के स्वास्थ्य महकमा एक बार फिर विवादों में है, यह विवाद किसी मरीज और डॉक्टर के बीच का नहीं, बल्कि इस महकमे में काम करने वालों का है, जो एक दूसरे पर पैसे लेने और धमकानें के आरोप लगाते नजर आए। इन आरोपों के चलते महकमे का नर्सिंग स्टॉफ से लेकर विभाग के आला अधिकारी कलेक्ट्रेट में तू-तू-मै-मै करते नजर आए। दरअसल हुआ यू कि नर्सिंग स्टॉफ विभाग से छुट्टी की मांग कर रहा था, लेकिन जब उन्हें छुट्टी नहीं मिल तो वह कलेक्ट्रेट पहुंचे और आला अधिकारियों पर पैसे के आरोप लगाते हुए अभद्र करने की बात कहते हुए एक शिकायती आवेदन कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा।

कलेक्ट्रेट पहुंची लक्ष्मी जायसवाल ने अपना शिकायती आवेदन कलेक्टर को देते हुए बताया कि उन्हें चिकनपॉक्स जैसी बीमारी है, जिसके चलते इसका सक्रमण न फैले इसके लिए वह छुट्टी लेने के लिए सिविल सर्जन डॉ.भूपेंद्र शिखावत के पास पहुंची तो उन्होंने एप्रेन उतारकर हाथ दिखाने को कहा कि, इससे वह काफी आहत है, वहीं उन्होंनें छुट्टी के बदले एप्रेन उतारने के लिए बार बार कहा। जिससे वह काफी आहत है, वहीं इसकी जानकारी अन्य स्टॉफ को लगी तो वह एकत्रित हुई और वह कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने अपनी सारे बाते वरिष्ठ अधिकारियों को बताई। साथ ही अन्य नर्सिंग स्टॉफ द्वारा बताया गया कि सिविल सर्जन द्वारा अन्य स्टॉफ को भी मानसिक और शारीरिक तौर पर परेशान किया जाता है।



### जमकर हुई तू-तू,मै-मै, धमकानें की भी कहीं बात:

कलेक्ट्रेट पहुंचे नर्सिंग स्टॉफ और जिले आला अधिकारियों के बीच कलेक्ट्रेट परिसर में ही जमकर तू-तू, मै-मै होती नजर आई। इस दौरान जहां नर्सिंग स्टॉफ वरिष्ठ अधिकारियों पर पैसे मांगने से लेकर रिकार्ड खराब करने की बात कहते नजर आए। तो वहीं सिविल सर्जन और सीएमएचओ द्वारा नर्सिंग स्टॉफ पर जनप्रतिनिधियों के पीएओ से फोन लगवाने की बात कहते नतर आए। बहरहाल जो भी हो, लेकिन जिस स्वास्थ्य महकमा कलेक्ट्रेट में बहस करता नजर आया, उससे प्रतीत होता है जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कैसे चल रहीं होंगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी नर्सिंग स्टॉफ से कहती नजर आई कि इस तरह की कोई बात थी तो पहले मुझसे कहना था।

### नर्सो ने कहा छुट्टी के बदले मांगे जाते है पैसे:

नर्सिंग स्टॉफ द्वारा शिकायत किये जाने की जानकारी लगने के बाद कलेक्ट्रेट में सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी और सिविल सर्जन डॉ.भूपेंद्र शिखावत भी पहुंची। जहां दोनो अधिकारी नर्सिंग स्टॉफ को समझाइस देते नजर आए। तो वहीं नर्सिंग स्टॉफ ने सार्वजनिक तौर पर दोनों अधिकारियों पर छुट्टी के बदले पैसे मांगने के गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर दिव्या तिवारी ने उनका बच्चा छोटा है इसलिए उन्होंने छुट्टी के लिए कई आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं। दिव्या के अनुसार सीएमएचओ ने उनसे पैसे मांगे थे। उन्होंने दो महीने की छुट्टी के लिए 5 हजार रुपये सीएमएचओ को दिए थे, लेकिन कुछ समय बाद पैसे वापस कर दिए गए और दो माह की जगह एक माह की छुट्टी दी गई और उन्हें काम पर लौटने के लिए लेटर जारी किया गया। वहीं अन्य नर्स ने बताया कि उनसे छुट्टी के बदले पैसे मांगे, लेकिन जब उन्होंनें पैसे नही दिये तो उन्हें जितने दिन की छुट्टी चाहिए थी, उतने दिन की नहीं दी गई।

***इनका कहना है।***

*सिस्टर मेरे पास आई छुट्टी की बात कर रहीं थी, जिसके लिए वह चिकन पॉक्स की बात कह रहीं थी ,जिसके चलते मैने एप्रेन हटाने की बोला था, उस समय ऑफिस में चार से पांच लोग थे, मेरा मकसद था कि उन्हें स्मॉल पॉक्स और चिकन पॉक्स में अंतर बताना, लेकिन उन्हें कोई गलत फहमी हो गई।*

***भूपेंद्र शिखावत, सिविल जिलाअस्पताल अशोकनगर।***

***इनका कहना है।***

*एप्रेन वाली बात उन्हें पहले मुझे बताया था, रहीं दूसरी बात दिव्या तिवारी की तो वह मेरे घर पर पैसे पटक कर आई थी, जिन्हें मैने उनके पति को बुलाकर कहा था ये पैसे उठाओ, वह किसी न किसी ने दबाब डलवा कर छुट्टी के लिए बात कहती है, छुट्टीया नियमानुसार दी जाती है।*

***डॉ. अलका त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अशोकनगर।***

# धार्मिक उन्माद फैलाने पर विपिन पटनी पर एफआईआर दर्ज

**सोशल मीडिया पर की जा रहीं थी पोस्टें**

**समाज की शिकायत पर मामला दर्ज**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सोशल मीडिया पर सामाजिक उन्माद फैलाने और धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर भड़काने के गंभीर आरोपों में विपिन पाटनी पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराएं 299, 352 और 353(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है, जो अपने-आप में इस बात का संकेत है कि मामला साधारण नहीं बल्कि गंभीर और सुनियोजित है।

जानकारी के अनुसार विपिन पाटनी द्वारा सोशल मीडिया पर जानबूझकर बार-बार झूठे लेख लिखे गए, जिनमें जैन मुनि के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की गईं। यह सब किसी एक बार की गलती नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही एक सोची-समझी गतिविधि थी, जिसका मकसद साफ तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना और समाज में तनाव पैदा करना था। हाल ही में फेसबुक पर की गई पोस्टों को पुलिस ने गंभीर मानते हुए गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। साथ ही चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से धार्मिक भावनाओं को भड़काने, शांति भंग करने, सामाजिक उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

विपिन पाटनी पर जिन धाराओं में मामला दर्ज हुआ है, वे स्पष्ट रूप से बताती हैं कि बिना किसी प्रमाण के किसी संत या धार्मिक व्यक्ति को निशाना बनाया गया जो गंभीर अपराध है। इस पूरे मामले पर जैन समाज ने भी कड़ा रुख अपनाया है। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा है कि शहर में ऐसे 3-4 लोग हैं जो लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम कर रहे हैं। अब चुप नहीं बैठेंगे, सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी यह मामला उन सभी के लिए चेतावनी है जो सोशल मीडिया को ढाल बनाकर संतों, धर्म और समाज पर कीचड़ उछालने का दुस्साहस करते हैं। कानून अब खामोश नहीं है, और जो लोग नफरत बोते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

## एक नजर में

### विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के राष्ट्रीय मंत्री बने देवेंद्र



**नईसराय।** कस्बे के युवा समाजसेवी देवेंद्र ओझा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर समाज के लोगों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। वही देवेंद्र ओझा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन का राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर उनके समाज जनों सहित उनके इष्ट मित्रों उमेश रघुवंशी, नफीस उद्दीन, अनुज बैरागी, विजयधर सेन सहित अन्य लोगों ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। वही समाज सेवी देवेंद्र ओझा ने बताया कि समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसके लिए में समाज उत्थान के लिए कार्य करने का प्रयास करूंगा।

### चरनोई-मरघट व निजी भूमि पर कब्जे का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा तहसील के ग्राम पिपरोल में चरनोई, मरघट एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार भारतेंदु यादव को ज्ञापन सौंप कर दबंगों के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि ग्राम पिपरोल स्थित सर्वे क्रमांक 188/4/1 रकबा 0.479 हेक्टेयर (चरनोई) एवं सर्वे क्रमांक 188/4/2 रकबा 0.105 हेक्टेयर (मरघट) भूमि पर ग्राम के ही पार्षद हरिओम कुशवाह एवं ओमप्रकाश कुशवाह द्वारा तोफान कुशवाह एवं गोदा कुशवाह से कब्जा करवा लिया गया है। आरोप है कि इन शासकीय भूमियों पर फसल बो दी गई है और लंबे समय से अवैध कब्जा किया हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दिनांक 2 दिसंबर 2025 को गोदा कुशवाह की पत्नी की मृत्यु के बाद दबंगों ने वार्ड क्रमांक 04 शाढ़ौरा निवासी नथन सिंह रघुवंशी की सीमांकित निजी भूमि में जबरन दाह संस्कार करवा दिया, जिससे उनकी खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ। आरोप है कि उक्त लोग नथन सिंह की निजी भूमि को मरघट में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं तथा सर्वे क्रमांक 189, 190 एवं 191 की भूमि पर भी स्वयं कब्जा किए हुए हैं। इसके साथ ही गांव के लोगों को निजी भूमि में शौच के लिए भेजा जा रहा है, जिससे लगातार फसल खराब हो रही है।पीड़ित नथन सिंह एवं उनके परिजनों का कहना है कि जब वे अपनी भूमि पर खेती करने जाते हैं तो दबंग लोग ग्रामीणों व महिलाओं को साथ लेकर विवाद करते हैं और मारपीट की धमकी देते हैं, जिससे परिवार भयभीत है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शासकीय चरनोई व मरघट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा निजी भूमि में किए गए अवैध कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नपा का चला बुलडोजर, यादव कालोनी में हटाया अतिक्रमण

## न्यायालय के आदेश पर एक्शन में आए नगरपालिका प्रशासन, फरसी-फैंसी पर चला पंजा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यादव कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 02, बायपास रोड स्थित गली में लंबे समय से किए गए अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।**



कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतन के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मोहन बनिया, अतिक्रमण प्रभारी नारायण बालू सहित नगर पालिका की राजस्व टीम एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा। दरअसल कॉलोनी वासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि गली में फारसी गाड़कर रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलडोजर की सहायता से उक्त अतिक्रमण को हटाया गया। उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के पालन में की गई, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया जाना आवश्यक था।

अतिक्रमण हटाए जाने के बाद गली को पूरी तरह से साफ कर आम नागरिकों के लिए आवागमन सुगम बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए संतोष व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक सड़कों, गलियों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। यदि कहीं अवैध अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कोटवारों ने की मांग, खातों में डाले जाए ड्रेस के पैसे

**ज्ञापन सौपंकर बताई ड्रेसों में कमी**

**विधायक सहित मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** मध्य प्रदेश आजाद कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष राजू यादव के द्वारा गुरुवार को मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के साथ-साथ पूर्व मंत्री और विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को आवेदन दिया गया है। जिसमें आजाद कोटवार संघ के सदस्यों के द्वारा आवेदन में मांग की गई है कि आजाद कोटवार की तैयार बर्दी को वितरित को वितरित किया गया था परंतु तैयार बर्दी की क्वॉलिटी सही नहीं होने की स्थिति में पुन: तैयार बर्दी को वितरित न करके सीधे कोटवार संघ के सदस्यों के बैंक खातों में बर्दी की राशि दी जाए। पहले भी कोटवार संघ को बैंक खातों में ही राशि प्रदाय की जाती थी, जिसमें समस्त मध्य प्रदेश के कोटवारों के वर्दी की राशि पूर्णता खाते के माध्यम से विद्युत करने की बात कही है, इस मौके पर अशोक रजक तहसील अध्यक्ष बहादुरपुर, बालकिशन अहिरवार तहसील अध्यक्ष मुंगावली, तहसील अध्यक्ष पिपरई तहसील उपाध्यक्ष, पिपरई तहसील उपाध्यक्ष बहादुरपुर जिसमें अशोकनगर जिले के सभी कोटवार भाई उपस्थित रहे.

# मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा ने संभाली जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** भाजपा नगर मंडल चंदेरी के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल शेषा ने शुक्रवार को अपने दायित्व की जिम्मेदारी संभाल ली। इस दौरान आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,नपाध्यक्ष संतोष कोली, अरुण सोमानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान पद हस्तांतरित समय पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन सोनी द्वारा चंदेरी भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय का ध्वज नव नियुक्त अध्यक्ष को सौंपा जाना सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं में विशेष रहा जिसका कार्यकाल अनेक उपलब्धियों से भरा रहा। जो पूरन के अथक परिश्रम , सकारात्मक सोच,अनुपम कौशल, अनुशासन एवं चंदेरी की समग्रता , समानता,विकासात्मक कार्यशैली का अनूठा उदाहरण रहा। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन के प्रति निष्ठा, लगन से मिले दायित्व का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम को विधायक सहित नपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तीसरी बार कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने विवेककांत

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तीसरी बार चंदेरी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर विवेक भार्गव की नियुक्ति की है। ब्लाक कांग्रेस पद पर विवेक भार्गव की यह तीसरी बार ताजापोशी हुईं हैं। हमेशा कांग्रेस के प्रति समर्पित रहने वाले विवेक भार्गव अपनी बेबाक और सकारात्मक कटाक्ष करने में पीछे नहीं हटे। हमेशा कांग्रेस का पक्ष रखने में कभी भी किसी बहस में पीछे नहीं हटे। उनकी यही शैली देखते हुए कांग्रेस ने फिर उन पर विश्वास जताया है। नगरपालिका परिषद में दो बार के पार्षद तथा वर्तमान में उनकी मां पार्षद हैं। जब पिछले साल कांग्रेस के ज्यादातर पार्षद भाजपा में शामिल हों गये तब भार्गव अकेले चट्टान की तरह कांग्रेस के साथ खड़े होकर कांग्रेस का ध्वज फहराते रहे हैं। आज उनकी ही मेहनत का परिणाम है कि नगरपालिका परिषद चंदेरी अध्यक्ष कांग्रेस का और सबसे ज्यादा पार्षद कांग्रेस के रहे है यह बात अलग है कि कांग्रेस के ही कुछ कद्दावर नेता की सहमति से नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षद अपने स्वार्थ के लिए भाजपा में शामिल हों गये। पर भार्गव कांग्रेस के साथ अकेले खड़े रहे आज उनकी वफादारी और निष्ठा देखकर तीसरी बार ताजापोशी की गई है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। शहर के प्रतिष्ठित सीनियर अधिवक्ता इदरीश खान पठान, एडवोकेट अरविंद पंडा, आनंद लिटोरिया , एडवोकेट राजकुमार चतुर्वेदी, श्याम किशोर कक्का, प्रताप सेन,आरिफ मुल्ला पार्षद पति, अफजल टुनटुनी, मारुति नंदन मिश्रा सुधा ठाकुर इकबाल खान पठान सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



## धर्म-कर्म

### आचार्यश्री के मंगल सानिध्य में होगा विधान

# घट यात्रा के साथ आज से शुरू होगा सिद्ध चक्र महामंडल विधान

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज संसंघ सानिध्य में आज से सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का घट यात्रा के साथ शुरू किया जाएगा। शनिवार सुबह सैकड़ो महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर घट यात्रा के रूप में पंक्तिबद्ध होकर चलेंगे उसी के साथ जैन प्रतिमाएं रथ में सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। साथ में आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज, मुनि श्री सुदत्त सागर महाराज, गुरु दत्त सागर महाराज, भू दत्त सागर महाराज, मेघदत्त सागर महाराज, वृषभ दत्त सागर महाराज, चंद्र दत्त सागर एवं श्री दत्त सागर महाराज साथ में चलेंगे। घट यात्रा श्री दिगंबर जैन शीतल नाथ मंदिर से प्रारंभ होगी साथ में घोड़े बैंड बाजे एवं हजारों की संख्या में जैन श्रद्धालु चलेंगे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरांत वहां ध्वजारोहण किया जाएगा, भूमि शुद्धि, मंडप शुद्धि, विशेष मंत्रों द्वारा की जाएगी, तद उपरांत आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होंगे।



आचार्य श्री ने जैन मंदिर में धर्म सभा के बीच घट यात्रा का महत्व बतलाते हुए कहा की धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगल से प्रारंभ की जाती है घाट लेकर सौभाग्यवती नारियों एवं बालिकाओं चलना मंगलकारी होता है। जैसे किसी की मृत्यु होने पर बिना बुलाए ही पुरुष मरघट यात्रा में जाते हैं वैसे ही प्रत्येक नारी को घट यात्रा में बिन बुलाये ही जाना चाहिए, जो घट अर्थात घड़ा या कलश पूर्ण भरा हो वही मंगलकारी होता है खाली कलश अमंगल का सूचक होता है इसलिए घरों में खाली कलश नहीं रखना चाहिए पूर्ण भरा हुआ कलश आम के पत्तों का बंधनवारा बाल कन्या सरसों घोड़ा दिगंबर मुनि यह सभी मंगलकारी होते हैं।

आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने कहा अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए परिवार समाज धर्म गुरु और देश की प्रतिष्ठा को दाव पर नहीं लगना चाहिए जो व्यक्ति अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए इनको दाव पर लगता है उसकी प्रतिष्ठा धूमल हो जाती है और जो अपनी जिंदगी को दाव पर लगाकर धर्म देश और समाज की प्रतिष्ठा को बचाता है उसकी प्रतिष्ठा में चार चांद लग जाते हैं आचार्य श्री ने कहा औरत बच्चे पैदा करने की मशीन नहीं है बल्कि मंगल कारी देवी का रूप है नारी को हमेशा आचरणवान रहना चाहिए ।

नारी की 6 गुण बताते हुए कहा कि नारी को मंत्री की तरह सलाहकार और कर्मठ होना चाहिए वचन मधुर मीठे विनय से युक्त दासी के समान होना चाहिए भोजन करते समय मां के समान ममता के गुण से युक्त होना चाहिए सयन करते समय अपने पति के साथ देवांगन के समान धर्म के अनुकूल चलने वाली और क्षमता को धारण करने वाली नारी होना चाहिए इन छह गुना से युक्त नारी कुल को उतारने वाली होती है।

# म्यापुर स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** ग्राम म्यापुर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण तथा सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय के प्रभारी विष्णु शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ने की।

**सरस्वती कृपा के बिना प्रतिभा संभव नहीं:**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विष्णु शर्मा ने शिक्षा में अध्यात्म और बुद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बुद्धि और विद्या की देवी माँ सरस्वती ही हमें निपुण व योग्य बनाती हैं।उनकी कृपा के बिना अध्ययन और अध्यापन संभव नहीं है। पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु राम के राज्याभिषेक के समय देवताओं के निवेदन पर माँ सरस्वती ने ही मंथरा की मति फेरी थी, जिससे संसार को प्रभु की लीला के दर्शन हुए। इसी प्रकार, लंका में हनुमान जी की प्रार्थना पर माँ सरस्वती ने रावण की बुद्धि भ्रमित की, जिसके परिणाम स्वरूप हनुमान जी की पूँछ में आग लगाई गई और रावण के अहंकार का अंत शुरू हुआ। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि कोई कितना भी मेधावी क्यों न हो, बिना भगवती की कृपा के प्रतिभावान नहीं बन सकता। विद्यालय को आर्थिक सहयोग और सराहना श्री शर्मा ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक परमाल रघुवंशी एवं समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए स्कूल के विकास हेतु 5100 रुपये की राशि दान स्वरूप भेंट की।





**साधन नहीं, साधना है मिसाल:**

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि अक्सर लोग सुविधाओं के अभाव का बहाना बनाते हैं, लेकिन प्रधानाध्यापक परमाल रघुवंशी ने यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए साधन नहीं, बल्कि साधना और इच्छा शक्ति महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक राहुल शमी, महेन्द जैन, अभिषेक चौधरी , कैलाश कुरेटे तथा जगमोहन यादव, संजय अग्रवाल, बबलू यादव एवं शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सहित स्टॉफ मौजूद रहा।